Regarding alleged forceful acquisition of land without payment of compensation under Bharatmala Project in Aurangabad district, Bihar-Laid

श्री सुधाकर सिंह (बक्सर) : औरंगाबाद ज़िला में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत किसानों के साथ हो रहे घोर अन्याय हो रहा हैं । हाल ही में एक्सप्रेसवे निर्माण के नाम पर किसानों की सैकड़ों बीघा खड़ी फसलों को ट्रैक्टर से रौंद दिया गया । यह कार्य बिना पूर्व सूचना, उचित मुआवज़ा और किसान की सहमति के किया गया, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है । कृषि प्रधान देश में, जहाँ अन्नदाता को भगवान कहा जाता है, वहीं किसानों की मेहनत पर पानी फेरा जा रहा है । इस परियोजना से किसानों को कोई प्रत्यक्ष लाभ नहीं है । यहाँ तक कि उन्हें मुआवज़ा भी नहीं दिया गया और जबरन भूमि अधिग्रहण का प्रयास किया जा रहा है । किसानों की मांग है कि उन्हें उचित मुआवज़ा दिया जाए, जिनकी फसलें रौंदी गई, उन्हें क्षतिपूर्ति दी जाए, और भविष्य में किसी भी विकास परियोजना में किसानों को विश्वास में लेकर ही कार्रवाई की जाए । यह सिर्फ औरंगाबाद की बात नहीं है, बल्कि यह पूरे देश में किसानों की सुरक्षा और अधिकारों का प्रश्न है । अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और प्रभावित किसानों को न्याय दिया जाए ।